# बदलता स्वरूप

BS NEWS

देवीपाटन मण्डल मुख्यालय गोण्डा से प्रकाशित | राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | Website : www.badaltaswaroop.com

वर्ष : 12 अंक : 166 गोण्डा रविवार 12 फरवरी, 2023 पृष्ठ : 4 R.N.I.NO.UPHIN/2011/40619 प्रातः संस्करण मूल्य–2 रुपया


### यूएई–यूपी के संबंधों के लिए मील का पत्थर साबित होगा जीआईएस

# हजारों करोड़ के एमओयू साइन हुए

**एजेंसी**/ लखनऊ। भारत और यूएई के बीच में जो पारंपरिक और आर्थिक संबंध वर्षों से चले आ रहे हैं, उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उनमें और प्रगाढ़ता आएगी। खासतौर पर उत्तर प्रदेश और यूएई के लिए यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। ये बातें शनिवार को यूपीजीआईएस के मंच से उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और यूएई के मंत्री एचई अहमद बिन अली अल सेझ व मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर फॉरेन ट्रेड, मिनिस्ट्री ऑफ इकॉनमी एचई डॉ. थानी बिन अहमद अल जायोदी ने एक सुर में कहीं। यूएई के मंत्रियों ने साफतौर पर कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है, आने वाले समय में हमारे बहुत सारे इन्वेस्टर्स यूपी का रुख करेंगे और योगी सरकार द्वारा यूपी में लाए गए बदलाव व निवेश के अनुकूल माहौल का लाभ उठाएंगे।




पूरा होगा हर हाथ को काम और हर चेहरे पर मुस्कान का सपनाः राकेश सचान

उत्तर प्रदेश सरकार में एमएसएमई, खादी और विलेज इंडस्ट्री मंत्री राकेश सचान ने कहा कि 23 सितंबर 2021 को भारत सरकार और यूएई के बीच आर्थिक सहयोग को लेकर साझेदारी हुई थी। उसके बहुत सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। इस साझेदारी के चलते यूएई और भारत के बीच व्यापार में कई गुना वृद्धि हुई है। यूएई से एक्सपोर्ट और इंपोर्ट 50 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। हमें यूपी में यूएई के साथ अच्छे संबंधों की आशा है। बीते माह हमारी टीम ने यूएई का दौरा किया, जहां डॉ. थानी ने हमारा गर्मजोशी से स्वागत किया।

अबुधाबी चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने भी काफी सहयोग किया। वहां लुलु मॉल ने हमारे साथ 3300 करोड़ रुपए का एमओयू किया है, जिसके तहत वो अयोध्या और वाराणसी समेत कुछ अन्य जगह भी अपने मॉल खोलेगा। वहीं, एलाना ग्रुप ने भी फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में निवेश का ऐलान किया है। लुलु मॉल के साथ सेल्फ हेल्प ग्रुप के लिए भी करार हुआ है, ताकि एसएचजी की महिलाओं द्वारा बनाया जा रहा प्रोडक्ट्स भी इन मॉल्स के माध्यम से लोगों तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री योगी ने 'हर हाथ को काम, हर चेहरे पर मुस्कान' का जो मंत्र दिया है, उसे हर हाल में सफल बनाना है। मेरी यूएई के निवेशकों से अपील है कि यूपी में आइए और निवेश कीजिए। योगी सरकार हर तरह से आपका समर्थन करती है।

5 साल में 100 बिलियन के व्यापार का लक्ष्यः यूएई मंत्री

यूएई के मिनिस्टर ऑफ स्टेट एचई अहमद बिन अली अल सेझ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ हमारे म्यूचुअल रिलेशन हैं। हमने हाल ही में एक–दूसरे के साथ गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट सहयोग को आगे बढ़ाया है और मुझे उम्मीद है कि यह सहयोग नई ऊंचाइयों को छुएगा। हम उत्तर प्रदेश में परंपरागत निवेश के अलावा नए और उभरते क्षेत्रों पर भी फोकस कर रहे हैं। इनमें डिफेंस, स्पेस, फूड प्रोसेसिंग, एग्रीकल्चर प्रोसेसिंग, क्लाइमेट, ड्रोन टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक समेत कई अन्य क्षेत्र शामिल हैं। इसी कड़ी में यूएई की कुछ कंपनियां उत्तर प्रदेश में फूड पार्क्स बनाने जा रही हैं। हमने लक्ष्य तय किया है कि अगले 5 वर्षों में यूएई का भारत के साथ कुल व्यापार 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचेगा। पिछले साल भारत–यूएई आर्थिक संबंधों को मजबूती देने के लिए हमने 'आई टू, यू टू' की शुरुआत की थी। यह काफी सफल रही थी।

### राज्य में अब नहीं होती हिंसा, त्रिपुरा में बोले पीएम मोदी–

# विकास का डबल इंजन नहीं रुकेगा

**एजेंसी**/ नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धलाई के अंबासा में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। इस दौरान त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा भी उपस्थित नजर आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले त्रिपुरा में एक ही शब्द सुनने को मिलता था श्चंदाश। इन्होंने तीन दशक तक चंदे के नाम पर लोगों को लूटने का लाइसेंस देकर रखा था। हमने त्रिपुरा के लोगों को चंदा–चंदा करने वालों से मुक्त कर दिया है। त्रिपुरा के गरीबों, युवाओं, माताओं–बहनों, जनजातियों के लिए पार्टी ने नए लक्ष्य तय किए और पार्टी ने उन्हें पूरा करने का संकल्प लिया है... त्रिपुरा के लोगों को याद रखना है आपके एक वोट की शक्ति से त्रिपुरा वामपंथ के कुशासन से मुक्त हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि त्रिपुरा पर मां त्रिपुर सुंदरी का आशीर्वाद है। हमारी सरकार त्रिपुरा को त्रि–शक्ति से बढ़ा रही है, वो शक्ति है– आवास, आरोग्य और आमदनी। आवास, आरोग्य और आमदनी त्रिपुरा के लोगों का जीवन आसान बना रही है। पहले त्रिपुरा के पुलिस स्टेशनों पर सीपीएम कैडर का कब्जा था, लेकिन अब भाजपा के शासन में राज्य में कानून का राज




है। अब राज्य में महिला सशक्तिकरण है और लोगों के लिए जीवनयापन करना आसान हो गया।

गुलमर्ग में शीतकालीन खेलों से जम्मू–कश्मीर में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा,पीएम मोदी का बयान पीएम मोदी ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र यह साबित करता है कि भाजपा वही करती है जो आप चाहते हैं और हम वही करते हैं जो आपकी प्राथमिकता होती है, जो आपकी जरूरत होती है। हमने अपने संकल्प पत्र में नए लक्ष्य के साथ नए कदम उठाने का फैसला लिया है। पहले त्रिपुरा में केवल वामपंथी कैडर को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता था लेकिन अब हर नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पुलिस थानों तक पर सी.पी.एम. कैडर का कब्जा था लेकिन भाजपा सरकार ने राज्य में कानून का राज स्थापित किया है।

## गुलमर्ग में शीतकालीन खेलों से जम्मू–कश्मीर में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा,पीएम मोदी का बयान

**एजेंसी**/ नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि गुलमर्ग में 'खेलो इंडिया' राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों (ज्ञीमसव पदकपं ँपदजमत ळंउमे) के आयोजन से जम्मू कश्मीर में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। मोदी ने ट्वीट किया, ''तीसरे 'खेलो इंडिया' राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। ये खेल गुलमर्ग के खूबसूरत परिवेश में आयोजित किए जा रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''इससे जम्मू कश्मीर में खेल संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा।'' केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को गुलमर्ग में खेलों के इस तीसरे संस्करण की शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि उनका मंत्रालय जम्मू कश्मीर की आर्थिक मदद करता रहेगा और इसे सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करेगा। इससे पहले केन्द्रीय खेल मंत्री



अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि खेल देश को एकजुट करने के साथ उसके 'सॉफ्ट पावर' को भी दर्शाता है। सॉफ्ट पावर का मतलब किसी देश की वह क्षमता है जिसके माध्यम से वह बिना किसी बल प्रयोग के अन्य देशों से अपने हितों के अनुरूप सहयोग प्राप्त कर सकता है।? ठाकुर ने खेलो इंडिया शीतकालीन खेल के तीसरे सत्र के उद्घाटन समारोह में कहा, '' खेल एक 'सॉफ्ट पावर' है। जब कोई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय पदक जीतता है तो वह देश को एकजुट करता है। नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक ने ओलंपिक एथलेटिक्स भारत के 121 साल के इंतजार को खत्म किया। इससे पूरे देश में जश्न की लहर दौड़ गई थी।'' ठाकुर ने कहा कि पिछला साल भारतीय खेलों के लिए बड़ा रहा क्योंकि विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।नाती ने शर्मसार की रिश्तों की गरिमा, नानी का गला दबाकर की हत्या... आत्महत्या दिखाने के लिए फांसी पर लटकाया खेल मंत्री ने कहा, ''ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक में हमे सबसे ज्यादा पदक मिले। पीवी सिंधू ने बैडमिंटन में लगातार दो ओलंपिक पदक जीते और यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।'' इससे पहले ठाकुर ने जम्मू कश्मीर में बने 40 खेलो इंडिया खेल केंद्रों का ऑनलाइन उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, ''यह गर्व का पल है कि अन्य राज्य जो नहीं कर सके उसे जम्मू–कश्मीर ने उसे कर दिखाया।

### गुजरात में महसूस किए गए भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 3.8 रही तीव्रता

**एजेंसी**/ गुजरात। तुर्की में भूकंप के जोरदार झटकों के बाद शनिवार को अब से कुछ देर पहले गुजरात के सूरत शहर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ सिस्मोलॉजिकल रिसर्च (आईएसआर) के एक अधिकारी ने कहा कि गुजरात के सूरत जिले में शनिवार तड़के 3.8 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि सूरत के पश्चिम दक्षिण पश्चिम (डब्ल्यूएसडब्ल्यू) से लगभग 27 किलोमीटर की दूरी पर इसके उपरिकेंद्र के साथ 12रू52 बजे भूकंप दर्ज किया गया था। भूकंप के 100 से अधिक घंटों बाद मलबे से निकाले गए जिंदा लोग जिला आपदा प्रबंधन के एक अधिकारी ने कहा भूंकप 5.2 किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया और केंद्र जिले में हजीरा से दूर अरब सागर में था। झटके से संपत्ति या जीवन को कोई नुकसान नहीं हुआ। गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ळैक्ड।) के अनुसार, राज्य में भूकंप का एक उच्च जोखिम है।

## सांसद शशि थरूर ने काउ हग डे की अपील वापस लेने के पर पशु कल्याण बोर्ड पर कटाक्ष किया

**एजेंसी**/ नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शनिवार को एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा 14 फरवरी को श्काउ हग डेश मनाने की अपील वापस लेने पर तंज कसा। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने ट्वीट किया, श्मेरा मानना है कि मौखिक निर्देश दिया गया था कि वेलेंटाइन डे पर लोगों को अपने साथी (ळनल) को गले लगाने दो, लेकिन हिंदी राष्ट्रवादी ने आखिरी शब्द 'ळनल' को 'ळंल' सुन लिया।श उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार अपने खर्च पर किए गए चुटकुलों से डर गई थी या यह केवल कायरता थी? भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने उस नोटिस को वापस ले लिया जिसमें उसने लोगों से 14 फरवरी को 'काउ हग डे' मनाने की अपील की थी।

दरपाल सिंह तूर ने एशियन इंडोर एथलेटिक्स चौंपियनशिप में शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीता

थरूर का यह बयान भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि सरकार के निर्देशों के बाद 14 फरवरी को श्काउ हग डेश के रूप में मनाने की अपील वापस ले ली है। अपडेट पर प्रतिक्रिया करते हुए, थरूर ने लिखा, ष्क्या सरकार अपने खर्च पर किए गए चुटकुलों से बहक गई थी या यह केवल कायरता थी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शनिवार को एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा 14 फरवरी को श्काउ हग डेश मनाने की अपील वापस लेने पर तंज कसा। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने ट्वीट किया, श्मेरा मानना है कि मौखिक निर्देश दिया गया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शनिवार को एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा 14 फरवरी को श्काउ हग डेश मनाने की अपील वापस लेने पर तंज कसा। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने ट्वीट किया, श्मेरा मानना है कि मौखिक निर्देश दिया गया था कि वेलेंटाइन डे पर लोगों को अपने साथी (ळनल) को गले लगाने दो, लेकिन हिंदी राष्ट्रवादी ने आखिरी शब्द 'ळनल' को 'ळंल' सुन लिया।श उन्होंने सवाल



किया कि क्या सरकार अपने खर्च पर किए गए चुटकुलों से डर गई थी या यह केवल कायरता थी? भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने उस नोटिस को वापस ले लिया जिसमें उसने लोगों से 14 फरवरी को 'काउ हग डे' मनाने की अपील की थी।

तजिंदरपाल सिंह तूर ने एशियन इंडोर एथलेटिक्स चौंपियनशिप में शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीता

थरूर का यह बयान भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि सरकार के निर्देशों के बाद 14 फरवरी को श्काउ हग डेश के रूप में मनाने की अपील वापस ले ली है। अपडेट पर प्रतिक्रिया करते हुए, थरूर ने लिखा, ष्क्या सरकार अपने खर्च पर किए गए चुटकुलों से बहक गई थी या यह केवल कायरता थी ।

## भारत के वैश्विक उत्पादन केंद्र बनने के लक्ष्य की पूर्ति में एक बड़ी छलांग: शाह

**एजेंसी**/ नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व



वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में 'उद्योग' और 'निवेश' के लिए अनुकूल वातावरण बना हुआ है। यहां आयोजित तीन दिवसीय 'वैश्विक निवेशक सम्मेलन' को देश के विकास में सहायक बताते हुए शाह ने यह भी कहा कि इस सम्मेलन ने भारत के वैश्विक उत्पादन केंद्र बनने के लक्ष्य की पूर्ति में एक बड़ी छलांग लगायी है। शाह ने ''उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2023'' में सुरक्षा और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) तथा सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए कहा, ''भाजपा की सरकार में उत्तर प्रदेश में पांच वर्षों में जो परिवर्तन आया है, वह समग्र देश के लिए शुभ है। जब तक उत्तर प्रदेश का विकास नहीं होगा, तब तक हमारा देश बहुत आगे नहीं बढ़ सकता है।''उन्होंने उत्तर प्रदेश के संसाधनों की सराहना करते हुए कहा कि मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेन्ध्द्र मोदी) ने जो पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है, उसके लिए उत्तर प्रदेश का विकास बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए उत्तर प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाने का मतलब है भारत के विकास को गति देना और इसमें एमएसएमई महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।शाह ने कहा, ''सहकारिता और एमएसएमई क्षेत्रों में रोजगार की सबसे बड़ी संभावना है। उत्तर प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र को दिया गया भरोसा यहां रोजगार पैदा करने के लिए एक मजबूत व्यवस्था प्रदान करेगा।'' गृह मंत्री ने अपने संबोधन में पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए बिना नाम लिए कहा, ''पहले सरकार लखनऊ के बजाय दिल्ली में उत्तर प्रदेश के लिए निवेशक सम्मेलन आयोजित करती थी।'' उन्होंने तंज करते हुए सवाल किया कि ''कोई उत्तर प्रदेश में निवेश कैसे कर सकता है अगर वह उत्तर प्रदेश नहीं आ सकता है।

## केजरीवाल सरकार की ओर से नियुक्त सदस्यों को 'डिस्कॉम' बोर्ड से हटाना अवैध : सिसोदिया

**एजेंसी**/ नयी दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा नियुक्त सदस्यों को 'डिस्कॉम' बोर्ड से हटाने के उपराज्यपाल वी के सक्सेना के फैसले को शनिवार को ''असंवैधानिक और अवैध'' करार दिया। सिसोदिया ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उपराज्यपाल ने दिल्ली की निर्वाचित सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को पलटने का एक नया चलन शुरू किया है। उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने इन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा नियुक्त सदस्यों ने निजी डिस्कॉम (बिजली वितरण कंपनियों) को 8,000 करोड़ रुपये का लाभ पहुंचाया।

यूपी में सीमेंट प्लांट लगाने के लिए होगा 1000 करोड़ का निवेश, कनोड़िआ ग्रुप का ऐलान उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल कथित ''घोटाले'' की जांच किसी केंद्रीय एजेंसी से करा सकते हैं। सिसोदिया ने कहा, ''उपराज्यपाल ने




एक नया चलन शुरू कर दिया है। उन्होंने दिल्ली कैबिनेट के चार साल पुराने फैसले को पलट दिया और डिस्कॉम के बोर्ड में नियुक्त सदस्यों को हटा दिया। इस तरह तो वह 10 साल पहले लिए सरकार के फैसलों को भी पलट सकते हैं।'' दिल्ली विद्युत विभाग का भी प्रभार संभालने वाले सिसोदिया ने कहा कि सक्सेना का फैसला ''असंवैधानिक, अवैध और स्थापित प्रक्रियाओं के विपरीत है।'' सिसोदिया ने ''मतभेद'' का हवाला देते हुए।

### जे–के में मिला लिथियम और सोने का विशाल भंडार, भारत के लिए गेम चेंजर साबित होगा ये खजाना

**एजेंसी**/ जम्मू–कश्मीर को भारत माता का मुकुट कहा जाता है और मुकुट स्वर्ण तथा हीरों से जड़ित होता ही है। जम्मू–कश्मीर के रियासी जिले में जिस तरह लिथियम और सोने के भंडार पाये गये हैं वह दर्शा भी रहे हैं कि भारत माता के इस मुकुट को प्रकृति ने खूब संपदा दी है। हम आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि रियासी जिले के सलाल–हैमाना क्षेत्र में करीब 59 लाख टन लिथियम का भंडार और सोने के 5 ब्लॉक मिले हैं। दरअसल लिथियम एक अलौह धातु है ।

## दिल्ली एयरपोर्ट से आरबीआई के 88 हजार करोड़ के फर्जी दस्तावेज बरामद, सीआइएसएफ ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया

**एजेंसी**/ चेन्नई जाने वाले तीन भारतीय यात्रियों को दिल्ली हवाईअड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने कथित तौर पर आरबीआई के 88 हजार करोड़ के 'फर्जीश दस्तावेज ले जाने और इनके बारे में पूछताछ करने वाले बल के एक जवान को रिश्वत की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यात्रियों को दिल्ली पुलिस ने जालसाजी और आधिकारिक दस्तावेज की नकल से संबंधित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न ६ ााराओं के तहत गिरफ्तार किया है। सीआईएसएफ के सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) हरि किशन ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे के टर्मिनल तीन पर शुक्रवार शाम यात्री की सुरक्षा जांच के दौरान 'भारत के राजकीय प्रतीकश अशोक स्तंभ से लिए गए शेर के चिह्न, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 'लोगोश और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास के नाम वाले एक "जाली" दस्तावेज के साथ संदिग्ध दस्तावेजों का पता लगाया। सीआईएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया, "जब यात्रियों से इन दस्तावेज के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया और उन्होंने एएसआई हरि किशन को उन्हें जाने देने के लिए तीन लाख रुपये की रिश्वत की पेशकश की।

## यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कहीं नहीं दिखाई दिए अडानी

**एजेंसी**/ लखनऊ। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का आज दूसरा दिन है। कल 12 फरवरी समिट का अंतिम दिन होगा। समिट के समापन समारोह में राष्ट्रपति भी मौजूद रहेंगी। बता दें, 12 फरवरी तक ये कार्यक्रम चलेगा। समिट में तमाम दिग्गज नेता और उद्योगपति हिस्सा ले रहे हैं। शुभारंभ के इस मौके पर पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल समेत कई नेता मौजूद रहे। ना सिर्फ नेता बल्कि इस दौरान देश ही नहीं विदेशों से भी बड़े बड़े बिजनेस मैन भी नजर आए। समिट से यूपी में लाखों करोड़ रूपए का निवेश आया है, लेकिन उद्योगपति गौतम अडानी का समिट में नहीं आना कुछ लोगों को काफी खटक रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के शुभारंभ के मौके पर गौतम अडानी गायब रहे तो दूसरे दिन भी कहीं नजर नहीं आए जबकि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में रिलायंस कंपनी के मालिक मुकेश अंबानी समेत देश और दुनिया के तमाम बड़े बिजनेसमैनों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। खबरों की मानें तो यूपी सरकार ने अडानी को न्योता भेजा था, लेकिन उनके ग्रुप ने आने को लेकर कोई सहमति नहीं दी। इससे पहले साल 2018 में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में गौतम अडानी नजर आए थे। लेकिन जब से हिंडनबर्ग रिपोर्ट सामने आई है, तब से गौतम अडानी सार्वजनिक रूप से कही भी नजर नहीं आ रहे हैं। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, बजाज फिनसर्व के चेयरमैन संजीव बजाज, आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला, टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, महिंद्रा और महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा के अलावा देश और विदेश से कई बड़े बिजनेसमैन शामिल होने आए हुए हैं। अडानी के नहीं आने को हाल ही में उत्तर प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने के मामले में अडानी समूह को करारा झटका मिलने से भी जोड़कर देखा जा रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### थाना समाधान दिवस पर थाना गैंडास में डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियो की शिकायतें

#### समयबद्व एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का दिया निर्देश

बलरामपुर। शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

डीएम डॉ महेंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा थाना




गैंडास पहुंचकर जनमानस की शिकायतों को सुना गया। भूमि विवाद के मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना दिवस में आए सभी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश संबंधित को दिया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह तोमर व अन्य संबंधित राजस्व कर्मी उपस्थित रहें।

### छात्राओं ने किया निरीक्षण

बलरामपुर। शनिवार को एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के प्राचार्य प्रोफेसर जे . पी. पांडे के निर्देशन में गृह विज्ञान विभाग की




छात्राओं द्वारा डिवाइन पब्लिक स्कूल जाकर नर्सरी कक्षा के बच्चों का व्यक्तित्व व व्यवहार निरीक्षण किया गया । यह निरीक्षण विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शकुंतला सिंह तथा सह–अध्यापिका मणिका मिश्रा के संरक्षण में संपन्न हुआ । छात्राओं ने नर्सरी स्कूल में बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी निरीक्षण किया ।


### आक्रोशित हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने फूंका स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला

अयोध्या। आक्रोशित हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने फूका स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सोहावल तहसीलदार पवन गुप्ता को सौंपा ज्ञापन। समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में फूंका पुतला। सुचितागंज नहर पुल से सोहावल तहसील तक किया गया विरोध प्रदर्शन। सोहावल तहसील गेट पर आक्रोशित हिंदू संगठन के लोगों ने पुतला फूंक कर किया विरोध प्रदर्शन।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में डीएम द्वारा निस्तारित किये गये 25 वाद

#### स्टाम्प कमी के मामलों में जमा करायी गयी रू. 01 लाख 61 हजार 54 धनराशि

बहराइच 11 फरवरी। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा 23 राजस्व वादों तथा चकबन्दी व स्टाम्प



से सम्बन्धित 01–01 वाद कुल 25 वादों का निस्तारण किया गया। स्टाम्प कमी से सम्बन्धित वाद का निस्तारण करते हुए जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र द्वारा धनराशि रू. 01 लाख 61 हजार 54 जमा कराया गया। लोक अदालत में नियत वादों में पक्षों के अधिवक्ता व जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) अजय शर्मा व विशेष अधिवक्ता (राजस्व) अतुल गौड़ उपस्थित रहे।

### ये कैसी सजा, बच्चे ने फौजी स्टाइल में कटवाए बाल, स्कूल प्रबंधन ने करा दिया मुंडन

अंबेडकरनगर संवाददाता। कुर्की बाजार में एक स्कूल के प्रबंधक को बच्चे के बालों का फौजी स्टाइल पसंद नहीं आया तो उसका मुंडन करा दिया। घटना के बाद से कक्षा एक का यह छात्र सदमे में है इस कारण वह बृहस्पतिवार को स्कूल नहीं गया। छात्र के पिता ने सम्मनपुर पुलिस से यह शिकायत की है। मामला कुर्की बाजार में संचालित नबी हसन इदरीसी इंटर कॉलेज का है। बच्चे ने पिता को बताई आपबीती कुर्की निवासी रवींद्र राजभर का छह वर्षीय पुत्र शिवांश विद्यालय में कक्षा एक का छात्र है। उसके पिता ने गत दिवस बेटे के फौजी स्टाइल में बाल कटवाए थे। वह बुधवार को स्कूल गया तो प्रबंधक पीर मोहम्मद बच्चे पर भड़क गए। आरोप है कि उन्होंने न सिर्फ बच्चे को फटकार लगी बल्कि नाई बुलवाकर उसका मुंडन करा दिया। छुट्टी होने पर शिवांश रोते हुए घर पहुंचा और परिजनों को आपबीती बताई। पिता ने फोन पर प्रबंधक से आपत्ति दर्ज कराई तो उसे भी अपमानित किया गया। स्कूल से नाम काटकर बच्चे को भगा देने की धमकी भी दी। इस पर रवींद्र बुधवार शाम सम्मनपुर थाने पहुंचे और तहरीर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि केस दर्ज कर पूछताछ के लिए प्रबंधक को बुलाया गया है।

## डीएम ने किया इंग्लिश मीडियम प्राइमरी विद्यालय मद्दोभीख का निरीक्षण

### गणित का सवाल हल करने पर कक्षा 3 की छात्रा को दिया नकद पुरस्कार




बलरामपुर। डीएम डॉ महेंद्र कुमार द्वारा विकास खंड रेहरा बाजार में इंग्लिश मीडियम प्राइमरी विद्यालय मद्दोभीख का औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया की विद्यालय में 578 छात्र – छात्राएं पंजीकृत हैं।

इस दौरान डीएम ने कक्षा –5,कक्षा –3,कक्षा –2 में जाकर पाठ्य – पाठन देखा। उन्होंने कक्षा–3 की छात्रा स्नेहा यादव को ब्लैक बोर्ड पर बीजगणित का सवाल हल करने को दिया। छात्रा द्वारा गणित का सवाल हल करने पर उन्होंने छात्रा को नकद पुरुस्कार दिया। उन्होंने विद्यालय में अच्छे पाठ्य – पाठन पर खुशी व्यक्त किया। प्रधानाध्यक ने बताया की छात्रों के लिए विद्यालय से बस की भी सुविधा दी जा रही हैं। डीएम ने विद्यालय के स्पोर्ट रूम,पुस्तकालय, रसोई, शौचालय,आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया। पुस्तकालय को और बेहतर करने के लिए नीति आयोग के द्वारा दिए गए राशि से बनाने के लिए प्रस्ताव भेजे जाने,विद्यालय परिसर में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र को अलग भवन में शिफ्ट किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार,खंड शिक्षा अधिकारी रेहरा,प्रधान मद्दोभीख,प्रधानाध्यापक आत्माराम,सहायक अध्यापक रुतिमा शर्मा,वंदना,कविता वर्मा,शिक्षा मित्र शरद कुमार प्रजापति उपस्थित रहें।

## शहीद पथ पर बिखरी पड़ी थी गिट्टी, स्कूटी फिसलने से महिला गिरी, कार ने रौंदा

लखनऊ संवाददाता। राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में शनिवार दोपहर शहीद पथ पर जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से एक महिला की जान चली गई। सड़क पर बिखरी पड़ी गिट्टी पर स्कूटी सवार दंपति फिसलकर सड़क पर गिर गए। तभी पीछे से आ रही एक कार ने महिला को रौंद दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उसके पति भी घायल हुए। उनका प्राथमिक उपचार कराया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। कार चालक को हिरासत में ले लिया है। कार भी सीज कर दी है। गोमतीनगर विस्तार के सेक्टर–6 निवासी सीमा वर्मा (58) बक्शी का तालाब स्थित बीएसए कार्यालय में बाबू के पद पर तैनात थीं। वह अपने पति सुनील कुमार वर्मा के साथ स्कूटी से दोपहर करीब दो बजे शहीद पथ पर कमता तिराहे की तरफ जा रही थीं। स्कूटी सुनील चला रहे थे। समिट बिल्डिंग के ठीक सामने शहीद पथ पर बड़ी–बड़ी गिट्टी बिखरी पड़ी थी। जैसे ही सुनील की स्कूटी वहां पर पहुंची फिसल गई। दोनों लोग सड़क पर गिर गए। पीछे से आ रही कार सीमा को रौंदते हुए डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में सीमा की जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवाया। कार चालक को हिरासत में लिया।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बोले, हम प्रो पुअर प्रो फार्मर्स के साथ ही इंडस्ट्री फ्रेंडली हैं

लखनऊ संवाददाता। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दूसरे दिन भी वृंदावन योजना में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में किए जा रहे प्रस्तावों पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अपने विचार रखें। उत्तर प्रदेश के श हेल्थ केयर थ्रू द इन्वेस्टर लेंस पोस्ट कोविड सेनारियो श नाम से आयोजित सेशन में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं में हुए विस्तार को लेकर अपने विचार साझा किए। सत्र को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक उत्तम प्रदेश है क्योंकि यहां विकास की भी बड़ी विरासत है। डबल इंजन सरकार की वजह से आज उत्तर प्रदेश बेस्ट इंवेस्टमेंट डेस्टिनेशन की तरफ आगे बढ़ रहा है। आज उत्तर प्रदेश दुनिया को राह दिखाने वाला प्रदेश बन चुका है। वही देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हेल्थ का डाइमेंशन बढ़ा दिया। इसके साथ ही हैल्थ को डेवलपमेंट के साथ जोड़ने का काम किया है। हमारी सरकार प्रो पुअर – प्रो फार्मर लेकिन इंडस्ट्री फ्रेंडली सरकार है। वहीं डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों का हार्दिक आभार जताते हुए बताया कि 2017 से पहले इसी उत्तर प्रदेश में सिपाही और कप्तान भी सुरक्षित नहीं हुआ करते थे। कोई भी बड़ा निवेशक यहां निवेश करने से बचता था। लेकिन आज उत्तर प्रदेश की योगी सरकार निवेशकों को निवेश करने के साथ एक स्वच्छ माहौल भी प्रदान कर रही है।

## अयोध्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओ द्वारा जितेंद्र पटेल का हुआ जोरदार स्वागत

अयोध्या। भारत जोड़ो यात्रा का समापन होने के साथ जितने सहयोगी कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ यात्रा में भरपूर साथ दे रहे थे स यात्रा समाप्त होने के बाद वह अपने घरों को प्रस्थान कर रहे है स जिनका जगह–जगह जोरदार स्वागत हुआ जिसके क्रम में अंबेडकर नगर जनपद के जितेंद्र पटेल का भी अयोध्या की धरती पर कांग्रेसी कार्य कर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया स कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी जी के साथ चलने वाले भारत यात्री जितेंद्र पटेल जी के अपने गृह जनपद अंबेडकरनगर जाते समय आज अयोध्या जनपद में देवकाली बाईपास के पास जोरदार स्वागत किया गया स्वागत करने



वालों में प्रमुख रूप नेशनल कोऑर्डिनेटर ओबीसी विभाग डॉ . राजकुमार मौर्य , प्रदेश महासचिव ओबीसी रामनरेश मौर्य, प्रदेश महासचिव ओबीसी कांग्रेस प्रदीप निषाद, अजीत वर्मा पीसीसी सदस्य, राजदेव वर्मा जिला अध्यक्ष ओबीसी कांग्रेस, राजनीतिक विश्लेषक गोपाल कृष्ण वर्मा, बाबू रामकरन कोरी प्रदेश महासचिव पंचायती राज, बसंत मिश्रा जिला अध्यक्ष सेवादल, प्रमिला राजपूत, डीएन वर्मा ,शिव कुमार वर्मा, ज्ञान प्रकाश पांडे ,श्याम बहादुर मौर्य ,हेमचंद मेहता, बसंत मिश्रा ,इश्तियाक अहमद , छठी राम मौर्य, राम जी मौर्य, बाल गोविंद मौर्य आदि कांग्रेसी शामिल रहे।

## अयोध्या मीडिया सेंटर ने जल पुलिस प्रभारी को किया सम्मानित




अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में सरयू घाटस्थित जल पुलिस चौकी के प्रभारी रुवे प्रताप मौर्य को अंग वस्त्र ओढ़ा कर श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर किया सम्मानित। जाड़ा गर्मी बरसात अपनी जान की बाजी लगाकर दूसरों की जान बचाने में हमेशा अपनी टीम के साथ तत्पर रहते हैं। नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से लोग डूबने की आशंका बनी रहती है ऐसी दशा में सरयू स्नान घाट पर तैनात जल पुलिस के प्रभारी व उनकी टीम हमेशा लोगों की जान की सुरक्षा के लिए तत्पर रहते देखा जा रहा है। कड़ाके की ठंड में जल पुलिस दूसरों की जान को सुरक्षित रखने हेतु अपनी जान को जोखिम में डालकर सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।अयोध्या मीडिया सेंटर के पदाधिकारियों की टीम में आचार्य स्कंद दास पत्रकार अवध किशोर मोरे पत्रकार ओम प्रकाश सैनी पत्रकार राजकुमार पत्रकार अमित कुमार पत्रकार आदि दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्यों ने जल पुलिस प्रभारी का सम्मान श्री राम भगवानराम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

गोण्डा। मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल की अध्यक्षता में कमिश्नरेट में जल जीवन मिशन की मंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत मंडल के सभी जनपदों में चल रही समस्त परियोजनाओं पर विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन के लिये चिन्हित कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश दिये कि कार्यों में और तेजी लायी जाये। मंडलायुक्त ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं होना चाहिए। यह परियोजनाएं लंबे समय के लिए बनाई जा रही हैं अतः गुणवत्ता से समझौता बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि सभी परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रगति के संबंध में समय–समय पर उन्हें भी अवगत कराएं।

## जनपद में सांसद खेल स्पर्धा का 13 फरवरी से होगा शुभारम्भ

बहराइच 11 फरवरी। जनपद में सांसद खेल स्पर्धा को सफलता पूर्वक आयोजन कराये जाने के उद्देश्य से सांसद बहराइच अक्षयबर लाल गोड की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि ब्लाक स्तर पर प्रतियोगिता 13 फरवरी से प्रारम्भ होगी तथा जनपद स्तर पर 05 व 06 मार्च 2023 को प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। सांसद श्री गोड ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य है कि ग्रामीण परिवेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अवसर प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने का उचित मंच प्रदान किया जाय। स्पर्धा का आयोजन सरकार की मंशानुसार सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी तैयारी समय से पूर्ण कर स्पर्धा आयोजन के लिए शासनदेश में दी गयी व्यवस्था के अनुसार प्रतियोगिताएं सफलता पूर्वक सम्पन्न करायी जाय।

जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र द्वारा जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला क्रीडाधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जनपद में सांसद खेल स्पर्धा के सफल आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाय ताकि प्रतियोगिता 13 फरवरी 2023 से शुरू हो सके। जिला क्रीडाधिकारी नीरज मिश्रा ने बताया कि जनपद के 08 विकास खण्डों मिहीपुरवा, नवाबगंज, बलहा, शिवपुर, रिसिया, चित्तौरा, महसी व तेजवापुर में प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी है। प्रतियोगिता में कबड्डी, एथेलिटिक्स, खो–खो, वालीबाल व योगा को शामिल किया गया है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस.के. सिंह, उप जिलाधिकारी कैसरगंज महेश कुमार कैथल, पयागपुर दिनेश कुमार, महसी राकेश कुमार मौर्या, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, डीपीआरओ उमाकान्त पाण्डेय, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी पारसनाथ, जिला गन्नाधिकारी शैलेश कुमार मौर्य, ईओ नगर पालिका परिषद बाल मुकुन्द व अन्य अधिकारी, रणविजय सिंह, मनोज गुप्ता तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## चोरी करने के 02 अभियुक्त माल सहित गिरफ्तार

गोण्डा। थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा सुरागरसी– पतारसी कर मुखवीर खास की सूचना पर मु0अ0सं0–65ध्2023, धारा 457, 380 भादवि से सम्बन्धित चोरी की घटना में संलिप्त 02 आरोपी रामकुमार उर्फ लल्ला व गुलशन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी 02 अदद बाला (पीली धातु), 03 अदद सिक्का (सफेद धातु), 04 अदद विछिया (सफेद धातु) बरामद किया गया। उक्त अभियुक्तगण ने अंकुर श्रीवास्तव के घर में चोरी किये थे। जिसके सम्बन्ध में थाना कटराबाजार में अभियोग पंजीकृत हुआ था।

## समस्त थानों पर किया गया थाना समाधान दिवस

गोण्डा। समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन में जनपद गोण्डा के सभी थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक आदेश–निर्देश दिए गए। समस्त क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को



सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। जनपद के समस्त थानों से कुल–176 प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 21 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष राजस्व संबंधित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को निस्तारण हेतु मौके पर रवाना किया गया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0ध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्यों की समीक्षा, कार्यदाई संस्था निर्माण में गुणवत्ता का दें विशेष ध्यान : मंडलायुक्त

गोण्डा। मंडलायुक्त एम0पी0अग्रवाल ने कमिश्नरेट में मंडल के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ व 50 लाख के ऊपर लागत की निर्माणाधीन सड़कों व भवन परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समय अवधि के अंतर्गत कार्यदाई संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समय के अंदर कार्य पूर्ण किए जाएं उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं से संबंधित निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा समय से काम पूरा करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा मानक विहीन व अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच के बाद ही निर्माण कार्य में प्रयुक्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिए शीघ्र अतिशीघ्र प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जिससे कि कार्य में बाधा न उत्पन्न हो व निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके। बैठक में मंडलायुक्त ने समस्त कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीकरण कराया जाए।

## लाइट खुद बताएगी, मैं काम नहीं कर पा रही हूं, नीदरलैंड की कंपनी कर रही काम

लखनऊ संवाददाता। एलईडी लाइटिंग और पोललाइट अब खुद बोल कर बताएगी कि मैं काम नहीं कर पा रही हूं और मुझ में खराबी हो गई है। लाइटें आपस में बातचीत भी करेंगी। नीदरलैंड आधारित सिग्नीफाई सिग्नीफायर कंपनी उत्तर प्रदेश में लखनऊ से इस प्रोजेक्ट की शुरुआत कर रही है। शनिवार को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में नीदरलैंड के साथ हुए एक सत्र में इस प्रोजेक्ट पर मंथन किया गया। कंपनी के सीनियर डायरेक्टर गिरीश के. चावला ने बताया की इन दिनों इनोवेशन का जमाना है और लाइटिंग में इस पर खूब प्रयोग हो रहे हैं।3क लुमिनर ग्लास, एलडी बल्ब, सोलर लाइटिंग के साथ एक नया कनेक्टेड लाइटिंग सिस्टम विकसित हो रहा है। कनेक्टेड लाइटिंग सिस्टम की खासियत यह है कि इसमें लाइटें एक दूसरे से बात करती हैं। यह भी बताती है कि उन्होंने कितनी बिजली खर्च की है । यह इनडोर और आउटडोर दोनों तरह से काम होता है। आउटडोर में यदि आपस में कनेक्ट किए गए किसी भी पॉइंट पर कोई लाइट काम नहीं कर रही है या खराब हो रही है तो वह खुद ही मैसेज करती है कि मुझ में यह कमी आ गई है। मेरा ड्राइवर खराब हो गया है या कोई और कारण है। इसमें हर लुमिनर में एक सिम कार्ड लगा होता है और इसको सिंगल मॉनिटरिंग कंट्रोल सेंटर के जरिए कंट्रोल किया जाता है।उत्तर प्रदेश में लखनऊ पीजीसीआईएल पावर ग्रिड से इसकी शुरुआत हो रही है। उन्होंने बताया कि यह एक रिमोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम है जो घर में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। लाइट की रोशनी एवं ऊर्जा खपत को अपने हिसाब से कंट्रोल किया जा सकता है।

## एसआर स्कूल प्रकरण : पुलिस की बड़ी लापरवाही, प्रिया का कमरा नहीं किया सील, सुबूतों से छेड़छाड़ की आशंका

लखनऊ संवाददाता। छात्रा प्रिया राठौर की मौत के मामले में पुलिस की भी लापरवाही उजागर हुई है। वारदात के बाद पुलिस ने प्रिया का कमरा सील नहीं किया था। प्रिया की कॉपी–किताब समेत तमाम चीजें अभी भी कमरे में ही रखी हैं। प्रिया के परिजनों ने इसे लेकर सवाल उठाए हैं। उनको आशंका है कि सुबूतों से छेड़छाड़ की जा सकती है या सुबूत गढ़े जा सकते हैं। वह जल्द ही उच्चाधिकारियों से मिलकर इस बारे में जानकारी देंगे।जालौन निवासी जसराम राठौर की बेटी प्रिया राठौर (14) एसआर स्कूल से पढ़ाई कर रही थी।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा कराने वाला गिरफ्तार

गोण्डा। थाना नवाबगंज पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0– 489ध2022, धारा 419ध420ध467ध468ध471 भादवि0 से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त त्रिपुराज यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी तरीके से जमीन बैनामा करवा दिया था। जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना नवाबगंज में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## थाना को0तरबगंज क्षेत्र अन्तर्गत हुई हत्या का सफल अनावरण, प्रकाश में आया आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

गोण्डा। रोहित सिंह पुत्र कप्तान सिंह ने थाना तरबगंज में सूचना दिया की उसके भाई दीपक का किसी ने हत्या कर शव को खेत के किनारे सागवन के पेड़ के पास फेक दिया है। जिसके सम्बन्ध में दिनाकं 07.02.2023 को गुमशुदगी दर्ज करायी थी। घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने क्षेत्राधिकारी तरबगंज के निर्देशन में घटना का सफल अनावरण हेतु टीमें गठित की गयी थी । जिसके क्रम में थाना तरबगंज पुलिस व एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखवीर खास की सूचना पर सुरागरसी दृपतारसी करते हुए तकनीकी साक्ष्य के आधार पर प्रकाश में आये अभियुक्त अंकित पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया है। वादी मुकदमा के भाई दीपक(मृतक) का प्रेम प्रसंग अभियुक्तगण की बहन से चल रहा था जिसके कारण अभियुक्तगण द्वारा हत्या कर शव को छिपा दिया था। जिसके सम्बन्ध में वादी मुकदमा द्वारा थाना कोतवाली तरबगंज में अभियोग पंजीकृत कराया था। घटना में संलिप्त 02 बालअपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर जुवेनाइल कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## शांतिभंग में 13 पाबंद

गोण्डा। जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलो में शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थानों से कुल–13 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा–151ध107ध116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## 03 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार–

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में जनपद गोंडा के थाना मनकापुर पुलिस ने 01, थाना नवाबगंज पुलिस ने 01, थाना उमरीबेगमग पुलिस ने 01 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया।

## अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाही

गोण्डा। थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा नन्दू मिश्रा पुत्र स्व0 गिरिजा शंकर मिश्रा निवासी ग्राम पंडित पुरवा मौजा जयराम जोत थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा के कब्जे से 10 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर मु0अ0सं0– 64ध23, धारा 60 आबकारी अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा रवि पुत्र देवी निवासी मो0 कहरान कस्बा व थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा के कब्जे से 20 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर मु0अ0सं0– 67ध23, धारा 60 आबकारी अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

## उप मुख्यमंत्री केशव बोले, नीदरलैंड के साथ रिश्ता बहुत पुराना अब और मजबूत होगा

लखनऊ संवाददाता। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के मीडिया पार्टनर कंट्री नीदरलैंड के साथ हुए मंथन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि एक जमाना था जब भारत के घर–घर में नीदरलैंड की बनी लाइटें रोशन होती थीं अब यह सहयोग और कारोबार और बढ़ेगा। दोनों देशों के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे। वहीं, राजदूत मार्टिन वेन डेन बर्ग ने कहा कि भारत और नीदरलैंड मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने को उत्सुक हैं क्योंकि यहां लगातार बेहतर वातावरण और माहौल बन रहा है। खासतौर से उत्तर प्रदेश इसके



लिए बेहद उपयुक्त साबित हो रहा है।

लखनऊ के आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर समिट 2023 के एक सत्र में खासतौर से ऊर्जा, बायोगैस, सोलर सिस्टम, लाइटिंग एवं प्रसंस्करण आदि पर चर्चा हुई। सत्र में एग्रीकल्चर और हॉर्टिकल्चर आदि पर भी विस्तार से बात हुई। सीआईआई उत्तर प्रदेश स्टेट काउंसिल के चेयरमैन विनम्र अग्रवाल ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में तमाम कंपनियां निवेश कर रही हैं जिनमें नीदरलैंड का खास योगदान है। औद्योगिक विकास विशेष सचिव पीयूष वर्मा ने वाटर मैनेजमेंट, डेरी व्यवस्था, तथा नमामि गंगे प्रोजेक्ट पर प्रकाश डाला और कहा कि लॉजिस्टिक शिपिंग आदि में भी नीदरलैंड के साथ पहले ही एमओयू हो चुके हैं। आज 300 भारतीय कंपनियां नीदरलैंड के साथ और 350 नीदरलैंड की कंपनियां भारत के साथ व्यवसाय कर रही हैं। इस मौके पर अन्य विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## बदलते यूपी के मंत्र से प्रदेश का सियासी तंत्र साधने की कोशिश, भाजपा पूरे चुनावी मोड में

लखनऊ संवाददाता। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस पूरी तरह यूपी में योगी सरकार बनने के बाद राज्य की बदल रही तस्वीर की खूबियां समझाने व निवेशकों का विश्वास बढ़ाने पर रहा। उन्होंने किसी राजनीतिक दल या नेता का नाम लेकर उस पर हमला तो नहीं किया, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री के साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी आदित्यनाथ ने गैर भाजपा सरकारों के कुशासन से यूपी की बदहाली तथा वर्तमान सरकार के सुशासन से आई खुशहाली व बदलाव के मंत्र से सियासी तंत्र साधने की कोशिश की। मोदी ने योगी के नेतृत्व में प्रदेश के मजबूत हो रहे अर्थतंत्र तथा निरंतर बेहतर हो रही छवि के उल्लेख से उनकी नेतृत्व क्षमता पर फिर मुहर लगाई और अपने बढ़ते भरोसे का संदेश दिया। ऐसा करके उन्होंने उद्योगपतियों को शायद यह भरोसा देने की कोशिश की कि वे निश्चिंत होकर यूपी में निवेश करें। बतौर सीएम योगी न सिर्फ स्थिर हैं, बल्कि उनकी नीतियों को केंद्र का पूरा समर्थन भी है। उद्योगपतियों का निवेश पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। शायद इसीलिए पीएम ने योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य में सोशल, फिजिकल, डिजिटल अवस्थापना सुविधाओं के क्षेत्र से लेकर बिजली से लेकर कनेक्टविटी तक हुए कामों का उल्लेख किया।

# गोगरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन




बिहार–गोगरी। अनुमंडल व्यवहार न्यायालय, गोगरी के परिसर में एवं विधिज्ञ संघ गोगरी में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुंसफ हुदुश अंसारी के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में काफी गहमा–गहमी रही। इसके तहत अनुमंडल के सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के ऋण व सर्टिफिकेट दावा, सुलहनीय व सिविल आदि मामलों का सुलह के आधार पर निपटारा किया गया। सभी बैंक अधिकारी व कर्मियों ने इंश्योरेंश प्रबंधकों, विभागीय कर्मचारी पूरे दिन निपटारा के कार्यों में जुटे रहे। निपटारे के लिए कुल दो बेंचों का गठन किया गया था। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में लाखों रुपये की वसूली हुई। व विद्युत मामलों में भी रुपये की वसूली की गई। आयोजन में विधिज्ञ संघ गोगरी के महासचिव प्रियवर्त सिंह , उपाध्यक्ष अनिमेष कुमार अनल, समाजसेवी रविश अन्ना, पैनल अधिवक्ता श्री उचित सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता शिव शंकर मिश्र कृपा शंकर मिश्र अनिल कुमार ठाकुर विनय पासवान अरुण कुमार झा वीरेंद्र कुमार यादव इस कार्यक्रम को सफल करने में सहयोग किया इस दौरान मुख्य रूप से यूको बैंक गोगरी के शाखा प्रबंधक सतीश कुमार यूनियन बैंक गोगरी के शाखा प्रबंधक रोबिन कुमार भारतीय स्टेट बैंक गोगरी के शाखा प्रबंधक सैयद मोहम्मद नवाजिश करीम एवं अन्य बैंक कर्मी मुकेश यादव रवि भूषण कुमार आशीष कुमार बंसराज यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## श्रीरामचरितमानस की प्रतियां जलाने के मामले में शिक्षक को दोबारा नोटिस

लखनऊ संवाददाता। श्रीरामचरितमानस की प्रतियां जलाने के मामले में मोहनलालगंज के आरोपी शिक्षक को काशीश्वर इंटर कॉलेज प्रशासन ने दोबारा नोटिस भेजा है। आरोपी शिक्षक कई दिनों से गैरहाजिर चल रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) को भी पत्र भेजकर मामले से अवगत कराया गया है। वहीं, शिक्षक पर कार्रवाई न होने से हिंदू संगठनों ने नाराजगी जताई है।मालूम हो कि पीजीआई इलाके के वृंदावन इलाके में 29 जनवरी को श्रीरामचरितमानस की प्रतियां जलाई गई थीं।

मामले के वायरल वीडियो के जरिये स्थानीय लोगों ने एक आरोपी की पहचान मोहनलालगंज के काशीश्वर इंटर कॉलेज के शिक्षक के रूप में की थी। कॉलेज प्रशासन ने नोटिस जारी कर शिक्षक से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा था। काशीश्वर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि इसके बाद शिक्षक गैरहाजिर हो गया और फोन भी बंद कर लिया। जवाब न मिलने पर रिमाइंडर भेजकर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

बजरंग दल के नेता अंकुर अवस्थी का कहना है कि पीजीआई व मोहनलालगंज पुलिस ने अब तक आरोपी अध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की है। अब हिंदू संगठन धरना–प्रदर्शन करेंगे।

## देश में पहली बार होगी स्पीड बाइक रेस, यूपी करेगा मेजबानी

लखनऊ संवाददाता। कार रेस फॉर्मूला वन की तर्ज पर स्पीड बाइक रेस के लिए मोटोजीपी (ग्रांड प्रिक्स मोटरसाइकिल रेसिंग) की मेजबानी यूपी करेगा। देश में पहली बार 22 से 24 सितंबर को ग्रेटर नोएडा के बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट में मोटोजीपी आयोजित होगी। ग्लोबल ट्रेड शो में आए आयोजक कंपनी डोरना स्पोर्ट्स के मुताबिक यह आयोजन जहां स्पीड बाइकों की ब्रूम–ब्रूम से बुद्धा सर्किट को गुलजार करेगी। साथ ही पर्यटन, रियल एस्टेट जैसे सेक्टर में भी तेजी लाएगी। ग्लोबल ट्रेड शो के इंटरनेशनल पवेलियन में मौजूद कंपनी के चीफ रिलेशनशिप ऑफिसर बाल्दी राखड़ा ने बताया कि हम इस साल भारत में मोटोजीपी की शुरूआत करने जा रहे हैं। यह आयोजन मोटोजीपी भारत के ब्रांडनेम से होगा। बीते दिनों कंपनी के संस्थापक व सीईओ कार्मेलो एप्लेटा स्पेन से आकर यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिल चुके हैं। मुख्यमंत्री का पूरा समर्थन मिलने के बाद अब बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट को संवारने का काम शुरू करा रहे हैं। 2013 के बाद से यहां कोई आयोजन नहीं हुआ है।

# डीएम ने शरद मेला कार्यक्रम का फीता काटकर किया शुभारम्भ

### –स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को किया जाए प्रोत्साहित–जिलाधिकारी–

श्रावस्ती। ठाकुर द्वारा रामलीला मैदान भिनगा में श्रावस्ती ग्रामोद्योग सेवा संस्थान नाबार्ड द्वारा लगाये गये शरद मेला का जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने समूहों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया और महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की सराहना भी की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे कि वे समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सके। इसके लिए जरूरी है कि इनके द्वारा बनाये गये उत्पादों के विक्रय हेतु एक कार्ययोजना बनायी जाए। जिससे उनके उत्पादों की निरंतर बिक्री की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से जनपद में स्वयं सहायता समूह के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर प्रचार–प्रसार एवं बिक्री किया जाए। इसके लिए भिनगा में स्वयं सहायता समूहों की एक स्थाई मार्कट होनी चाहिए। जिससे की स्वयं सहायता समूहों को इंतजार न करना पड़े। नाबार्ड को कोशिश करनी चाहिए कि नगर पालिका या कही और एक स्थाई मार्कट बनाया जाए, ताकि उनके उत्पादन को खरीदने के लिये इंतजार न करना पड़े और स्वयं सहायता समूह की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। आज के समय में हर्बल प्रोडक्ट अधिक प्रयोग में लाये जा रहे है, इसलिए इनके उत्पादों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेंद्र कुमार, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड एम.पी. बर्णवाल, जिला अग्रणी विकास प्रबंधक इंडियन बैंक जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव श्रावस्ती ग्रामोद्योग सेवा संस्थान संस्था के मुख्य कार्यकारिणी विजय कुमार राव सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं आम जनमानस मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत संपन्न

गोण्डा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आज दिनांक–11.02.2023 को वर्ष के प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का



आयोजन जनपद न्यायालय गोण्डा में जनपद न्यायाधीश ब्रजेन्द्र मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी डा0 दीनानाथ द्वितीय अपर जिला जज की उपस्थिति में किया गया जिसमें कुल–66987 वाद निस्तारित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल–6679 वाद निस्तारित हुए एवं कुल रू.2385905ध– (तेइस लाख पचासी हजार नौ सौ पांच ) अर्थदण्ड के रूप में वसूल किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोण्डा के सचिव नितिन श्रीवास्तव अपर जिला जजध एफटीसी–द्वितीय द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा–24 वाद एवं अर्थदण्ड रू.2000ध–, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्रीमती रीता गुप्ता द्वारा–66 वाद, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी डा0 अनुपमा गोपाल निगम द्वारा–77 वाद एवं प्रतिकर राशि रू. 31300047ध–, प्रथम अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कु0 आफसां द्वारा–23 वाद, विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट डॉ0 श्रीमती पल्लवी अग्रवाल द्वारा–21 वाद एवं अर्थदण्ड रू.133000ध–, पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ0 श्रीमती अनामिका चौहान द्वारा–02 वाद एवं अर्थदण्ड रू.500ध–, सप्तम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती कंचन द्वारा–05 वाद एवं अर्थदण्ड रू.34000ध–, नवम् अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश श्री सर्वजीत कुमार सिंह द्वारा–01 वाद एवं अर्थदण्ड रू.500ध–, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी अनुपम शौर्य द्वारा–2431 वाद एवं अर्थदण्ड रू. 1040750ध–, सिविल जज (सी.डि. ) विश्वजीत सिंह द्वारा–23 वाद निस्तारित करते हुए रू.9079250ध–का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया, प्रथम अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सुश्री सुषमा द्वारा–1102 वाद एवं अर्थदण्ड रू. 601250ध–,अपर सिविल जज (सी0डि0) कृष्ण प्रताप सिंह द्वारा–299 वाद एवं अर्थदण्ड रू. 23180ध–,सिविल जज (जू0डि0) श्रीमती अर्चना द्वारा–12 वाद एवं रू.2032335ध–का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया, न्यायिक मजिस्ट्रेट–प्रथम सुश्री सौम्या मिश्रा द्वारा–415 वाद एवं अर्थदण्ड रू. 125790ध–, न्यायिक मजिस्ट्रेट–द्वितीय सत्य प्रकाश नारायण तिवारी द्वारा–368 वाद एवं अर्थदण्ड रू.38560ध–,सप्तम अपर सिविल जज (जू0डि0) सुश्री आंचल चन्देल द्वारा 508 वाद एवं अर्थदण्ड रू.48770ध–, अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0–11 सुश्री निधि वर्मा द्वारा–160 वाद एवं अर्थदण्ड रू.52250ध–,अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0–08 सन्देश कुमार पासवान द्वारा–230 वाद एवं अर्थदण्ड रू.87850ध–, अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0–12 रविन्द्र कुमार रावत द्वारा–112 वाद एवं अर्थदण्ड रू.25000ध–, अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0–13 श्री रविकान्त द्वारा–119 वाद एवं अर्थदण्ड रू.37100ध–, सिविल जज (जू0डि0)धएफटीसी प्रथम सुश्री सोनम गौतम द्वारा–179 वाद एवं अर्थदण्ड रू.69450ध–, सिविल जज (जू0डि0)धएफटीसी द्वितीय सुश्री वीनस कुमार द्वारा–185 वाद एवं अर्थदण्ड रू.46600ध–, सिविल जज (जू0डि0)धएफटीसी नवीन सुश्री अंकिता बौद्ध द्वारा–64 वाद एवं अर्थदण्ड रू.16875ध–तथा न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मनकापुर गोण्डा हर्ष आनन्द द्वारा–248 वाद एवं अर्थदण्ड रू.2480ध– निस्तारित कर जमा कराये गये।

इस प्रकार समस्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल–6679 वादों का निस्तारण करते हुए कुल रू. 2385905ध– (तेइस लाख पचासी हजार नौ सौ पांच ) रूपये जुर्माना के रूप में वसूल की गयी। इसके अतिरिक्त जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग गोण्डा के अध्यक्ष श्री रामानन्द द्वारा 05 वाद निस्तारित करते हुए रू.573695ध–समझौता राशि तय की गयी। जनपद गोण्डा के समस्त विभागों के द्वारा प्री–लिटीगेशन के माध्यम से कुल–60308 वादों का निस्तारण करते हुए कुल रू. 60573049ध–(छः करोड़ पांच लाख तिहत्तर उनचास) की समझौता राशि तय की गयी। इस अवसर पर जनपद न्यायालय गोण्डा में समस्त न्यायिक अधिकारी, बैंक अधिकारी तथा अन्य अधिवक्तागण, न्यायालय के कर्मचारीगण व भारी संख्या में वादकारी आदि उपस्थित रहे।

## छलका भक्ति रस, भीग उठा अंतर्मन, हंसराज रघुवंशी के शिव भजनों पर झूमे श्रोता

लखनऊ संवाददाता। मशहूर गायक हंसराज रघुवंशी ने महादेव के गाने सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। लखनवी कथक में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम व माता सीता के मिलन को ऐसे शानदार ढंग से पिरोया गया कि इसकी छवि दर्शकों के दिलों में अंकित हो गई। बांसुरी, तबले व वायलिन की धुनों की जुगलबंदी ने भी समां बांध दिया। सांस्कृतिक मंच पर एक ओर कथक, भजनों, नृत्य की प्रस्तुति हो रही थी तो दूसरी ओर ड्रोन शो के जरिये बदलते उत्तर प्रदेश की कहानी आसमान पर लिख दी गई।

वृंदावन कॉलोनी में शुक्रवार से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ




हुआ। पहले दिन उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों पर मंथन के बाद शाम को महर्षि वाल्मीकि हॉल में सांस्कृतिक संध्या सजाई गई। इसमें दर्शकों का हुजूम देखने लायक था। बड़ी संख्या में देशी–विदेशी मेहमान व दर्शकों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित तमाम मंत्री उपस्थित रहे। शिव के गीतों व भजनों से लोकप्रिय हुए गायक हंसराज रघुवंशी जैसे ही मंच पर पहुंचे, दर्शकों का जोश दोगुना हो गया। उन्होंने आते ही हर हर महादेव शंकर महाराज...कहा तो दर्शकों ने हर–हर महादेव व जय श्रीराम के जयकारे लगा दिए। इसके बाद हंसराज ने मेरा भोला है भंडारी...सुनाया तो दर्शकों ने उनके साथ गायकी की। उन्होंने ऐसा डमरू बजाया भोलेनाथ ने..., जय शिवशंकर, ओम नमरू शिवाय..., सर से तेरे बहती गंगा... जैसे गाने सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

## भारी वाहनों को नहीं मिला प्रवेश, जाम ने रुलाया, मोहनलालगंज में छह घंटे तक लगा रहा जाम



लखनऊ संवाददाता। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के चलते शहर में भारी व कॉमर्शियल वाहनों का प्रवेश बंद किए जाने से शुक्रवार को एंट्री प्वाइंट पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। इससे मोहनलालगंज, में छह घंटे तक जाम लगा रहा। गोसाईंगंज, सरोजनीनगर, बंथरा, पीजीआई इलाके में भी बुरे हालात रहे। लखनऊ–कानपुर हाईवे व शहीद पथ पर आवाजाही बंद रही। वाहनों को मोहनलालगंज की ओर मोड़ दिया गया। इससे कानपुर, उन्नाव से आने वाले वाहन मोहनलालगंज से होकर लखनऊ, सुल्तानपुर जाने लगे। मोहनलालगंज में जाम से लखनऊ–रायबरेली मार्ग, मोहनलालगंज–सिसेंडी मार्ग, मोहनलालगंज–गोसाईगंज मार्ग, फुलवरिया मार्ग व अतरौली मार्ग पर छह घंटे तक वाहनों की कतार लगी रही। पीएसी जवानों को जाम हटाने में लगाना पड़ा। सुबह सात बजे से शुरू जाम दोपहर लगभग एक बजे खत्म हुआ। उधर, उतरेटिया से शहीद पथ होकर जाने वाली बसें नहीं चलीं। उतरेटिया से सुल्तानपुर रोड व अयोध्या रोड पर जाने वाली सवारियां भी परेशान हुईं। गोरखपुर, आजमगढ़ जाने वाली बसों को उतरेटिया से मोहनलालगंज, गोसाईगंज होकर भेजा गया।भारी वाहनों ने सुबह से गोसाईंगंज को जाम कर दिया। यह गोसाईंगंज से जेल तक पहुंच गया। इस पर प्रभारी निरीक्षक ने टीम के साथ किसान पथ के साथ पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर डायर्वजन कर आवागमन शुरू कराया। उधर, मोहनलालगंज की ओर से आ रहे ट्रकों ने गोसाईंगंज तक जाम लगा दिया। इंदिरानगर निवासी सनी कुमार ने बताया कि गोसाईंगंज से मोहनलालगंज तहसील जाने के लिए 16 किमी की दूरी तय करने में चार घंटे लग गए। रधिकापुर निवासी जयविंद चौधरी, अमेठी के वकील आमिर खान, अमित कुमार, फैजान रहमत व अमरदीप ने बताया कि तहसील पहुंचने मे तीन घंटे से अधिक लग गए। नई जेल रोड पर लोग दिनभर जाम से जूझते रहे।

आजमगढ़, सुल्तानपुर व जौनपुर की जाने वाली बसों को भी मोहनलालगंज से गोसाईंगंज की तरफ डार्यवर्ट कर दिया गया। सरोजनीनगर व बंथरा में भारी वाहनों का प्रवेश कानपुर हाईवे पर रोक दिए जाने से बृहस्पतिवार रात ही जाम लग गया। बंथरा में भी कानपुर रोड से बनी मोहान और बनी मोहनलालगंज मार्ग पर जाम लगा रहा। यहां कानपुर की ओर से आने वाले भारी वाहनों को जुनाबगंज स्थित नो एंट्री प्वाइंट से आगे रोक दिया। हाईवे पर भी कानपुर की तरफ भी कई किमी. तक जाम लगा रहा।

## दूल्हे के चाचा का अनोखा प्लान, हेलीकॉप्टर से आई दुल्हनिया, स्वागत के लिए पूरा गांव उमड़ा

लखनऊ संवाददाता। रायबरेली के खीरों–डलमऊ में हेलीकाप्टर से दुल्हन आई तो स्वागत में पूरा गांव उमड़ पड़ा। दूल्हा–दुल्हन के साथ ही हर कोई हेलीकॉप्टर की भी एक झलक पाने को बेताब था। खीरों थाना क्षेत्र के पाहो निवासी रामलखन सिंह राठौर चार साल पहले गांव के राजकीय महिला चिकित्सालय से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उनका बेटा अभिषेक सिंह राठौर गांव में ही एक दुकान चलाता है। अभिषेक की बरात



गुरुवार की शाम बड़े धूमधाम से डलमऊ गई थी।

चाचा ने 15 लाख से ज्यादा किए खर्च वापसी में ससुराल से एक किलोमीटर दूर कठगर में बने हेलीपैड पर शुक्रवार पूर्वाह्न 11.35 पर हेलीकॉप्टर में सवार होकर नवविवाहित जोड़ा 11.44 बजे पाहो गांव पहुंचा। एक मिनट तक हेलीकाप्टर गांव का चक्कर काटने के बाद अमर शहीद बलवान सिंह खेलकूद मैदान में बने हेलीपैड पर उतरा। अभिषेक के चाचा कनक सिंह रायबरेली में वकील हैं, जबकि अन्य चाचा प्रमोद सिंह व विनोद ठेकेदारी करते हैं।

स्वत्वाधिकारी/प्रकाशक/मुद्रक अंजनी जायसवाल द्वारा कृष्णा प्रिन्टर्स रानी बाजार, बड़गांव गोण्डा से मुद्रित तथा सतईपुरवा, बड़गांव गोण्डा (उ0 प्र0)पिन कोड–271002 से प्रकाशित सम्पादक राजेश कुमार शुक्ल इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद गोण्डा न्यायालय के अधीन होंगे। मो0 नं0 9565541111 आर0 एन0 आई0 नम्बर UPHIN/2011/40619